**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला

**हिंदी पखवाड़ा - दिनांक 14 से 28 सितम्बर 2023**

**एवं 14-सितम्बर-2023 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने व कार्यालय में सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को प्रोत्साहित करने हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार के कार्यालयों में हर वर्ष हिंदी पखवाड़ा का आयोजन सितम्बर माह में किया जाता है। अतः इस वर्ष भी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14-सितम्बर-2023 से 28-सितम्बर-2023 तक किया गया। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कुल 4 प्रतिगोगिताओं का आयोजन 14-सितम्बर-2023 को हिंदी दिवस के अवसर पर किया गया।

सभी कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं में राज्य कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के सभी उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया। समारोहों व प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य कार्यालय के विडियो कांफ्रेंस कक्ष में किया गया, जिसमें जिलों में स्थित कार्यालयों तथा अन्य कार्यालयों के सभी अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम द्वारा भाग लिया। सभी कार्यक्रमों का शुभारम्भ कार्यालय प्रमुख श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने अपने शुभ विचारों को प्रस्तुत करते हुए, राजभाषा हिंदी का सरकारी कार्यों में अधिक से अधिक प्रयोग करना तथा हिंदी को पूरे प्रदेश व देश में बढ़ावा देने हेतु समस्त उपस्थित महानुभावों का मार्गदर्शन किया।




**निर्णायक मंडल के सदस्य श्री जयदीप नेगी का स्वागत एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए श्री अजय सिंह चैहल राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी**

प्रतियोगिताओं के मुल्यांकन के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यालयों के तीन अधिकारिओं को आमंत्रित किया गया था, और उन्होंने एन.आई.सी. द्वारा निमंत्रण स्वीकार कर निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागिओं का मुल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्यों ने किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में श्री जयदीप नेगी, विशेष कार्य अधिकारी सचिवालय पुस्तकालय हि.प्र. तथा श्री चन्द्र सिंह राणा, उप सचिव (राजभाषा) विधि विभाग हि.प्र. तथा श्रीमति बबिता नेगी, अवर सचिव (राजभाषा) विधि विभाग हि.प्र. कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का मुल्यांकन किया।




**निर्णायक मंडल के सदस्य श्री चन्द्र सिंह राणा का स्वागत एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए श्री ललित कपूर अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी**




**निर्णायक मंडल के सदस्य श्रीमती बबिता नेगी का स्वागत एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए श्री संजय शर्मा हिंदी अधिकारी**

निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग तीन विषय सभी को पूर्व में ही सूचित कर दिए गए थे, तथा निबंध प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागिओं को तीन में से किसी एक विषय को चुनना था। कविता पाठ के लिए स्वयं लिखित कविता का पाठ करना था, यह भी सभी को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 29 प्रतियोगिओं, प्रश्नोत्तरी-1 प्रतियोगिता में 35 प्रतियोगिओं, प्रश्नोत्तरी-2 प्रतियोगिता में 43 प्रतियोगिओं तथा कविता पाठ में 13 प्रतियोगिओं नें भाग लिया।




**निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी - जिला व अन्य कार्यालयों से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से**

प्रतियोगिताओं के दौरान तीन अधिकारिओं द्वारा विषय विशेष पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किये गए, जो कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतियोगिता के उपरान्त प्रस्तुत किये गए। तीनों व्याख्यानों के विषय भिन्न थे, तथा तीनों अधिकारिओं द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से अपने-अपने व्याख्यानों को अत्यंत उत्साह पूर्वक बहुत ही अच्छी तरह प्रस्तुत किया व समझाया। प्रथम व्याख्यान श्री विमल कुमार शर्मा द्वारा "**सुख और सफलता**" विषय पर प्रस्तुत किया, द्वितीय व्याख्यान का विषय "**मानसिक स्वास्थ्य**" रहा और इसे श्री अखिलेश भारती ने प्रस्तुत किया, तथा तृतीय व्याख्यान श्री विनोद कुमार गर्ग ने "**पुनर्चक्रण - भविष्य की मांग**" विषय पर प्रस्तुत किया। इस तरह प्रतियोगिताओं में मध्य व्याख्यान का आयोजन सभी प्रतिभागिओं को आगमी प्रतियोगिता हेतु तारोताज़ा होने के लिए बहुत अच्छा विकल्प बना।




**श्री अखिलेश भारती, श्री विनोद गर्ग और श्री विमल कुमार शर्मा व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए**




**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए प्रतिभागी**

निर्याणक मंडल के सदस्यों ने सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों का मूल्यांकन बहुत ही बारीकी से किया, एवं उत्कृष्टता के आधार पर प्रतिभागियों की सूची, सभी चार प्रतिगोगितों के लिए अलग अलग से तैयार की। दोनों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के लिए हिंदी बोध मोबाइल एप्प के द्वारा प्रश्नों का चयन, 700 प्रश्नों के प्रश्न बैंक से यादृच्छिक रूप से प्रतियोगिता आरम्भ होने से ठीक पहले निर्याणक मंडल के सदस्य ने

स्वयं किया। निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित प्रतिभागियों के परिणाम निम्नानुसार है।

| | **1. प्रतियोगिता का नाम : निबंध** | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | जितेन्द्र शर्मा | प्रथम |
| 2 | मंगल सिंह | द्वितीय |
| 3 | बलवान सिंह | तृतीय |
| 4 | रामनारायण यादव | सान्त्वना |
| 5 | संजय गुप्ता | सान्त्वना |
| 6 | मोनिका | सान्त्वना |
| 7 | संजय ठाकुर | सान्त्वना |
| 8 | रवि कृष्ण मीना | सान्त्वना |

| | **2. प्रतियोगिता का नाम : प्रश्नोत्तरी-1** | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | संजीव कुमार (क.सं.5240) | प्रथम |
| 2 | संदीप कुमार | द्वितीय |
| 3 | विजय कुमार गुप्ता | तृतीय |
| 4 | जितेन्द्र शर्मा | सान्त्वना |
| 5 | अखिलेश भारती | सान्त्वना |
| 6 | रवि कृष्ण मीना | सान्त्वना |
| 7 | रामनारायण यादव | सान्त्वना |
| 8 | ललित कपूर | सान्त्वना |

| | **3. प्रतियोगिता का नाम : प्रश्नोत्तरी-2** | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | जितेन्द्र शर्मा | प्रथम |
| 2 | अनुराग गुप्ता | द्वितीय |
| 3 | पूजा मान | तृतीय |
| 4 | संदीप कुमार | सान्त्वना |
| 5 | भूपिंदर सिंह | सान्त्वना |
| 6 | संजय कुमार ठाकुर | सान्त्वना |
| 7 | अजय सिंह चैहल | सान्त्वना |
| 8 | अश्वनी कुमार | सान्त्वना |

| | 4. प्रतियोगिता का नाम : कविता पाठ | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | अखिलेश भारती | प्रथम |
| 2 | जगदीप | द्वितीय |
| 3 | मोनिका | तृतीय |
| 4 | मुकेश कुमार | सान्त्वना |
| 5 | मंगल सिंह | सान्त्वना |
| 6 | अक्षय मेहता | सान्त्वना |
| 7 | संदीप कुमार | सान्त्वना |
| 8 | दीपक कुमार | सान्त्वना |




**कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी**

हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश के सभी कार्यालयों के समस्त अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने अति उत्साह पूर्ण योगदान दिया। और सम्पूर्ण आयोजन को बहुत ही अच्छी तरह से आयोजित करने में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय सिंह चैहल जी के मार्गदर्शन में श्री संजय शर्मा, श्री सर्वजीत कुमार, श्री हमेन्द्र लाल और श्री दीपक कुमार का विशेष योगदान रहा।

**कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी गण**

| **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** | **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अजय सिंह चैहल | 24 | रवि कृष्ण मीना |
| 2 | ललित कपूर | 25 | राकेश कुमार |
| 3 | संदीप सूद | 26 | विनोद कुमार गर्ग |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | संजय कुमार | 27 | अनुराग गुप्ता |
| 5 | संजय शर्मा | 28 | भूपिंदर पाठक |
| 6 | विजय कुमार गुप्ता | 29 | अक्षय मेहता |
| 7 | विमल कुमार शर्मा | 30 | बलवान सिंह |
| 8 | दलजीत सिंह राणा | 31 | ब्रिजेंदर कुमार डोगरा |
| 9 | संजय कुमार ठाकुर | 32 | संजय गुप्ता |
| 10 | मंगल सिंह | 33 | प्रतुल |
| 11 | आशीष शर्मा | 34 | अखिलेश भारती |
| 12 | मुकेश कुमार | 35 | अश्वनी कुमार |
| 13 | सर्वजीत कुमार | 36 | दीपक कुमार |
| 14 | पृथ्वी राज | 37 | विजय कुमार |
| 15 | राम नारायण यादव | 38 | मोहन राकेश |
| 16 | अंकिता मिश्रा | 39 | संजीव कुमार कश्यप |
| 17 | पूजा मान | 40 | स्वेतांश शतक |
| 18 | जगदीप | 41 | संजीव कुमार |
| 19 | राजेश कुमार यदुभूषणम | 42 | भूपिंदर सिंह |
| 20 | विनय डोगरा | 43 | संदीप कुमार |
| 21 | शंकर लाल | 44 | मोनिका |
| 22 | हमेन्द्र लाल | 45 | जितेन्द्र शर्मा |
| 23 | दीपक कुमार (एम.सी.एच.) | | |

कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं के आयोजन के समापन समारोह के दौरान राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय सिंह चैहल जी ने आमंत्रित निर्णायक मंडल के सदस्यों तथा सभी उपस्थित महानुभावों का आभार व्यक्त किया, एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का धन्यवाद किया। राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश में हिंदी में किये जा रहे गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए राजभाषा के प्रयोग पर और अधिक कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया और भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन हेतु की जा रही कोशिशों के लिए भी आभार प्रकट किया।